कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-29.09.2024

विषयः- नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त सुनील सोनकर थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, अपहृता/पीड़िता सकुशल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा गुमशुदा/अपहृता की बरामदगी तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैंट के नेतृत्व मे थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-0435/2024 धारा-363,366,323,504,506 भा0द0वि0 थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित नाबालिग अपहृता/पीड़िता को सकुशल बरामद करते हुए नामजद वांछित अभियुक्त सुनील सोनकर पुत्र स्व0 विजय कुमार सोनकर निवासी मीरापुर बसही थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी को आज दिनांक-29.09.2024 को समय करीब 09.25 बजे परमानंदपुर से कानूडीह को जाने वाले मार्ग पर थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक-26/09/2024 को वादिनी मुकदमा(पीड़िता/अपहृता की माता) ने दिनांक-05/06/2024 को वादिनी/प्रार्थीनी की नाबालिक पुत्री को प्रतिवादी सुनील सोनकर द्वारा बहला-फुसला कर भगा ले जाने, प्रतिवादी के भाइयों व बहन द्वारा अश्लील गालियां देने, मार-पीट व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में लिखित प्राप्त प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना शिवपुर मे मु0अ0सं0-0435/2024 धारा-363/366/323/504/506 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 रवि कुमार द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

सुनील सोनकर पुत्र स्व0 विजय कुमार सोनकर निवासी मीरापुर बसही थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी, उम्र करीब 25 वर्ष।

बरामदगी का विवरण- नाबालिग अपहृता/पीड़िता, उम्र करीब 16 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

परमानंदपुर से कानूडीह को जाने वाले मार्ग पर थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी से, दिनांक-29.09.2024 को समय करीब 09.25 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0-0435/2024 धारा-363,366,323,504,506 भा0द0वि0 थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 रवि कुमार थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2- हे0का0 अजय सिंह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

3- का0 सतीश चौरसिया थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

4- म0का0 सोनम कुमारी थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।